मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः24.02.2026

थाना जिगना पुलिस टीम द्वारा टाटा नेक्सान कार में 315 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब (अनुमानित कीमत लगभग 16 लाख रूपये) के साथ 01 अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार, शराब तस्करी में प्रयुक्त कार सीज-

"अपर्णा रजत कौशिक" पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना जिगना पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांकः 24.02.2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना जिगना पुलिस टीम द्वारा थाना जिगना क्षेत्रांतर्गत ग्राम नरोईया मोड़ के पास सघन चेकिंग कर टाटा नेक्सान कार अंकित वाहन संख्याः JH 01 FJ 4189 सवार अभियुक्त अंकुश पासवान पुत्र रतन पासवान निवासी हवेली खड़कपुर थाना काकासा जनपद वर्धमान, पश्चिम बंगाल, उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। बरामद वाहन की तलाशी ली गयी तो उपरोक्त वाहन टाटा नेक्सान से 315 बोतल (प्रत्येक बोतल 750ml) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जिगना पर मु0अ0स0- 38/2026 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 319(4),318(3) बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त उपरोक्त वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

पूछताछ विवरण —

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उनके द्वारा हरियाणा से अवैध अंग्रेजी शराब बिहार ले जाकर ऊंचे दामों पर बिक्री कर देते है। अवैध शराब को उक्त वाहन में छिपाकर ले जा रहे थे कि पुलिस द्वारा हम लोगो को पकड़ लिया गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त—

1. अंकुश पासवान पुत्र रतन पासवान निवासी हवेली खड़कपुर थाना काकासा जनपद वर्धमान, पश्चिम बंगाल, उम्र करीब 21 वर्ष।

बरामदगी विवरण —

ब्लेंडर्स प्राइड- 24 बोतल, ब्लैक एंड व्हाइट- 22 बोतल, 100 पाइपर्स- 24 बोतल, डबल ब्लैक- 12 बोतल, एब्सोल्यूट वोदका- 18 बोतल, वैलेंटाइन व्हिस्की- 60 बोतल, रेड लेबल- 107 बोतल, ब्लैक डॉग- 48 बोतल
(कुल 315 बोतल-प्रत्येक बोतल 750ml अंग्रेजी शराब)
टाटा नेक्सान कार अंकित वाहन संख्याः JH 01 FJ 4189 बरामद।

पंजीकृत अभियोग —
मु0अ0स0- 38/2026 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 319(4),318(3) बीएनएस थाना जिगना मीरजापुर।
गिरफ्तारी स्थान–
थाना जिगना क्षेत्रांतर्गत ग्राम नरोईया मोड़ के पास से।
गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —
थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह मय पुलिस टीम थाना जिगना जनपद मीरजापुर।
उप निरीक्षक आत्मा राम यादव मय पुलिस टीम।